लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली
LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

LOK SABHA SPEAKER AND DEFENCE MINISTER PAY FLORAL TRIBUTES TO SARDAR VALLABHBHAI PATEL/माननीय लोक सभा अध्यक्ष और रक्षा मंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल को पुष्पांजलि अर्पित की

…

SARDAR PATEL LIVES IN PUBLIC CONSCIOUSNESS OF INDIA: SHRI BIRLA/सरदार पटेल भारत के जन-मन के नायक हैं: श्री बिरला

…

75 YOUNG PARTICIPANTS FROM STATES & UTs ALSO PAY TRIBUTES TO SARDAR VALLABHBHAI PATEL IN CENTRAL HALL OF PARLIAMENT HOUSE/राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के 75 युवा प्रतिभागियों ने संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि दी

…

New Delhi; 31 October, 2022: Lok Sabha Speaker Shri Om Birla paid floral tributes at the portrait of Sardar Vallabhbhai Patel in the Central Hall of Parliament House, on his birth anniversary, today.

Union Minister of Defence Shri Raj Nath Singh; Union Minister of Commerce and Industry; Minister of Consumer Affairs, Food and Public Distribution; and Minister of Textile Shri Piyush Goyal; and Union Minister of Education; Minister of Skill Development and Entrepreneurship Shri Dharmendra Pradhan; and Leader of Opposition, Rajya Sabha Shri Mallikarjun Kharge paid floral tributes to Sardar Vallabhbhai Patel.

Members of Parliament, former Members of Parliament and other dignitaries also paid floral tributes at the portrait of Sardar Vallabhbhai Patel in Central Hall of Parliament House on the occasion of his Birth anniversary today.

Among others who paid tributes to Sardar Patel were Secretary General of Lok Sabha Shri Utpal Kumar; Secretary General of Rajya Sabha Shri P.C. Mody and officers of both Secretariats.

On this occasion, Lok Sabha Speaker Shri Om Birla inaugurated a programme organized by the Parliamentary Research and Training Institute for Democracies (PRIDE), Lok Sabha Secretariat, in coordination with the Ministry of Education and Ministry of Youth Affairs and Sports, Government of India in the Central Hall of Parliament House. As part of the programme, 75 young participants selected from schools and colleges from States and two union territories across the country witnessed the function to pay floral tribute to Sardar Vallabhbhai Patel. Out of them 30 selected participants spoke about the contributions of Sardar Vallabhbhai Patel to nation-building in India.

Speaking on this occasion, Shri Birla said that Sardar Patel lives in public consciousness of India. Mentioning about the role of Sardar Patel in India's freedom struggle and post-Independence nation building, Shri Birla said that Sardar Patel played an instrumental role in the freedom struggle of the country and it is the indomitable spirit of Sardar Patel which led to unification of India integrating more than 500 princely States. His important contributions in shaping modern India shall always be remembered and his role in the making of a strong constitution is commendable, added Shri Birla. Shri Birla also said that life of Sardar Patel is an inspiration for all of us to dedicate ourselves to the cause of the Nation.

Mentioning about the growth story of India, Shri Birla said that recent policy measures have led to rapid growth in economy, science and technology and in several other fields. He appealed to the youth of India to dedicate themselves on the path of duty so that India can become a developed country by 2047.

Speaking on this occasion, Shri Dharmendra Pradhan said that Sardar Vallabhbhai Patel was an epitome of commitment, duty and decisiveness. He urged the youth of India to ensure that their every thought and action lead to prosperity of the country and of the world.

नई दिल्ली; 31 अक्तूबर, 2022: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने आज सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की ।

केंद्रीय रक्षा मंत्री , श्री राजनाथ सिंह ; केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री , उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री, और वस्त्र मंत्री, श्री पीयूष गोयल; केंद्रीय शिक्षा मंत्री, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री, श्री धर्मेंद्र प्रधान; और राज्य सभा में विपक्ष के नेता , श्री मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी सरदार वल्लभ भाई पटेल को पुष्पांजलि अर्पित की ।

संसद सदस्यों , पूर्व सांसदों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी आज सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की ।

लोक सभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह; राज्य सभा के महासचिव, श्री पी. सी. मोदी और दोनों सचिवालयों के अधिकारियों ने भी सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर लोक सभा अध्यक्ष , श्री ओम बिरला ने लोक सभा सचिवालय के संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड), द्वारा शिक्षा मंत्रालय और युवा मामले और खेल मंत्रालय , भारत सरकार के समन्वय से संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में आयोजित एक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम के भाग के रूप में, देश भर के राज्यों और दो संघ राज्य क्षेत्रों के स्कूलों और कॉलेजों से चुने गए 75 युवा प्रतिभागी सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धासुमन अर्पित करने के समारोह में शामिल हुए। इनमें से 30 चुने हुए प्रतिभागियों ने राष्ट्र निर्माण में सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए ।

इस अवसर पर बोलते हुए श्री बिरला ने कहा कि सरदार पटेल भारत के जन मन के नायक हैं। भारत के स्वतंत्रता संग्राम और स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद राष्ट्र निर्माण में सरदार पटेल की भूमिका का उल्लेख करते हुए , श्री बिरला ने कहा कि सरदार पटेल ने देश के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उन्होंने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति से 500 से अधिक रियासतों को एकीकृत करते हुए भारत का एकीकरण किया। श्री बिरला ने आगे कहा कि आधुनिक भारत को आकार देने में

उनके महत्वपूर्ण योगदान को हमेशा याद किया जाएगा और एक सुदृढ़ संविधान के निर्माण में उनकी भूमिका सराहनीय है। श्री बिरला ने यह भी कहा कि सरदार पटेल के जीवन से हम सभी को राष्ट्र के लिए स्वयं को समर्पित करने की प्रेरणा मिलती है।

भारत की विकास गाथा का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि हाल के नीतिगत उपायों से अर्थव्यवस्था , विज्ञान और प्रौद्योगिकी और कई अन्य क्षेत्रों में तेजी से विकास हुआ है। उन्होंने भारत के युवाओं से अपील की कि वे स्वयं को कर्तव्य पथ पर समर्पित कर दें ताकि 2047 तक भारत एक विकसित देश बन सके।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल प्रतिबद्धता , कर्तव्यनिष्ठा और दृढ़ संकल्प के प्रतीक थे। उन्होंने भारत के युवाओं से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि उनका हर विचार और कार्य देश और दुनिया को समृद्धि की ओर ले जाए।